राहत | इंद्राना में हुई तेज बारिश से लोगों को मिली उमस से राहत

खेतों के लिए बरसा अमृत, किसानों के चेहरे खिले

नवभारत, इंद्राना। एक ओर जहां दिन में गर्मी और उमस भरे माहौल से लोग परेशान थे वहीं दूसरी ओर किसान अपने खेती कार्यों में लगे हुए इस बात से चिंतित थे कि पिछले कई दिनों से बारिश नहीं हो रही है।

समय पर धान की खेती के अनुकूल वातावरण होते हुए पानी की मुख्य फसल धान के लिए रोपा का कार्य जैसे-तैसे किसानों ने तेजी से पूर्ण कर लिया था अब बारी बारिश की थी रोज आसमान को निहारते किसान बारिश के लिए दुआएं कर रहे थे। मंगलवार की शाम अचानक मौसम बदला और एकाएक बारिश शुरू हुई जो बड़ी-बड़ी बूंदों के साथ लंबे समय तक बरसती रही। झमाझम बारिश होते ही किसानों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने कहा कि हमारे खेतों के लिए भगवान ने अमृत बरसाकर राहत पहुंचा दी। ज्ञातव्य हो कि इंद्राना का समूचा क्षेत्र आसपास जंगल भरा है साथ ही कृषि प्रधान क्षेत्र है। पेड़-पौधों के लिए भी पानी जरूरी था, साथ बेचैन कर देने वाली गर्मी से लोगों को भी ठंडक रूपी राहत मिल गई।

बेलखाडू में भी झूमकर बरसे बदरा

बेलखाडू, नवभारत। दोपहर तक चुभने वाली गर्मी और तेज धूप भरे माहौल में ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंदाजा लगाना मुश्किल था कि शाम होते होते बारिश होगी। शाम 4 बजे के बाद जब अचानक मौसम बदला और तेज झमझम बारिश का दौर शुरू हुआ जो लगभग दो घंटे तक लगातार चलता रहा। काफी दिनों बाद ऐसी बारिश देख ग्रामीण खुश हुए दूसरी ओर खेतों में रोपा लगाने के बाद की इस झमझम बारिश से किसान वर्ग भी बहुत हर्षित हैं। किसानों का कहना था कि कृषि जगत के लिए आज अमृत बरस गया है।

धानुका एग्रीटेक ने दिया गन्ना प्रबंधन प्रशिक्षण

शुगर मिल अधिकारियों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण



नवभारत,जबलपुर। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा गन्ना उत्पादन को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से शुगर मिल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय गन्ना फसल प्रबंधन एवं धानुका उत्पाद पोर्टफोलियो प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रामदेव शुगर मिल, नर्मदा शुगर मिल, शक्ति शुगर मिल एवं आकृति शुगर मिल के सेल्स अधिकारियों एवं तकनीकी स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में राजेश माहेश्वरी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी और कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. एन. सिंह (फॉर्मर प्रिंसिपल साइंटिस्ट, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ शुगरकेन रिसर्च - लखनऊ) की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने किसानों एवं शुगर मिलों के समन्वय से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल दिया तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन धानुका एग्रीटेक लिमिटेड की ओर से चेतन सरावगी (स्टेट हेड मध्यप्रदेश) एवं सिंपल कुशवाहा (मैनेजर - इंस्टिट्यूशनल सेल्स) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गन्ना फसल में बुवाई से लेकर कटाई तक विभिन्न अवस्थाओं में किए जाने वाले वैज्ञानिक फसल प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही धानुका के विभिन्न फसल सुरक्षा एवं पोषण उत्पादों के सही समय, सही मात्रा एवं प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। धानुका के विशेषज्ञों ने बताया कि यदि किसान फसल की प्रत्येक अवस्था में वैज्ञानिक तरीके से अनुशंसित उत्पादों का उपयोग करें, तो गन्ने की गुणवत्ता एवं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ-साथ किसानों की आय में भी बढ़ोतरी संभव है।

एक नजर में

नहीं रहे हुसैन बख्श

जबलपुर। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलू सी आर ईयू) के पूर्व जोनल अध्यक्ष, जबलपुर मंडल अध्यक्ष कामरेड हुसैन बख्श का मंगलवार 28 जुलाई को इंतेकाल हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही रेल कर्मचारियों, यूनियन में शोक की लहर फैल गई है। उनके निधन पर कर्मचारियों, यूनियन पदाधिकारियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

आदिवासियों की जमीन हड़पने बना रहे दबाव

भू-माफियाओं का आतंक, कलेक्टर से पीड़ितों ने की शिकायत

नवभारत, सिहोरा। सिहोरा, ग्राम अगरिया, टिकरिया क्षेत्र के आदिवासी समाज एवं कुछ गैर आदिवासी समाज के करीब 30 लोगों की जमीनों को खाली कराने का भू माफियाओं द्वारा बनाए जा रहे दवाब की शिकायत लेकर कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

मंगलवार को आसपास सहित सिहोरा के समस्त लोगों के समूह ने कलेक्टर और डीएफओ पुनीत सोनकर से मुलाकात की और अपनी आपबीती बताकर मांग की कि भू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनकी जमीनों पर बेवजह कोई कब्जा न कर पाए।

बालक के साथ मिलकर तोता उड़ा लेता था टूव्हीलर

कब्रिस्तान में छिपाकर रखी थी चुराई हुई दुपहिया

6 लाख के 5 वाहन जब्त, दो गिरफ्तार

नवभारत, जबलपुर । हनुमानताल पुलिस ने शातिर वाहन चोर तोता समेत बालक को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चुराये हुये 5 दुपहिया वाहन कीमती 6 लाख रूपये के जप्त किए गए । पकड़े गए चोर पलक झपकते ही टूव्हीलर पार कर देते थे। इसके बाद चुराई हुई दुपहिया को मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में छिपाकर रख देते थे।

टीआई सुभाषचंद बघेल ने बताया कि चोरी की मोटर साईकिल लेकर घूम रहे फैजान उर्फ तोता पिता महमूद अंसारी 21 वर्ष निवासी अंसार नगर नई बस्ती गोहलपुर को सिन्धी केम्प के पास से घेराबंदी कर दबोचा गया । जससे ली हुई मोटर साईकिल के संबंध में पूछताछ करने पर मोटर साईकिल के कोई दस्तावेज न होना बताया। मोटर सायकिल चोरी की होने के संदेह पर पूछताछ करने पर उक्त मोटर साईकिल कटंगी बाईपास से चुराना स्वीकार किया। सघन पूछताछ में एक बाइक गोरखपुर, एक एक्टिवा प्रेमसागर, एक्टिवा बस स्टेण्ड से चोरी कर कब्रिस्तान में दादा दरबार के आगे दीवार के किनारे छिपाकर खडी करना बताया। चोरी के वाहन जब्त किए गए। इसी प्रकार सूचना मिली कि कब्रिस्तान गेट न 1 अन्दर एक लडका नीले रंग की एक्टिवा गाडी चुराकर लाया है गाडी की नम्बर प्लेट निकाल दिया है ओर बेचने की चर्चा कर रहा है सूचना पर कब्रिस्तान गेट न 1 के अन्दर दबिश दी, घेराबंदी कर 16 वर्ष नाबालिग को दबोचा गया । पूछताछ करने पर साथी सफ्फू उर्फ सरफराज के साथ गोरखपुर ब्रिज के नीचे टेन्ट हाउस की दुकान के सामने खडी एक्टिवा गाडी चोरी करना स्वीकार किया।

दहेज में ऑटो रिक्शा नहीं मिलने पर पत्नी को पीटता था पति

पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

नवभारत, जबलपुर। पाटन छेंडी बरौंदा की रहने वाली महिला को शादी के बाद से दहेज में ऑटो रिक्शा की मांग कर प्रताड़ित किया जाने लगा। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

पीड़िता राधा चौधरी की शादी वर्ष 2024 में दीपक अहिरवार के साथ हुई थी। शादी के शुरुआती दो महीने तो शांति से बीते, लेकिन इसके बाद दीपक का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। वह आए दिन राधा के साथ मारपीट करने लगा। पति लगातार राधा पर इस बात का दबाव बना रहा है कि वह अपने मायके से पैसे और दहेज लेकर आए, ताकि वह अपने लिए एक ऑटो रिक्शा खरीद सके। पति की लगातार प्रताड़ना, मारपीट और धमकियों से तंग आकर राधा चौधरी मायके में रहने को मजबूर हैं। पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।

बिजली गायब, बिल हाजिर और जनता अंधेरे में

कटौती अघोषित, वसूली घोषित, घंटों गुल रहने वाली बिजली का हिसाब कौन देगा?

कटंगी, जबलपुर, नवभारत। बिजली विभाग का मौजूदा रवैया ऐसा प्रतीत होता है मानो उपभोक्ताओं का काम केवल समय पर बिजली बिल जमा करना है जबकि नियमित बिजली उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी नहीं। जबलपुर जिले के कटंगी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। बिना किसी पूर्व सूचना के दिन-रात कई-कई बार बिजली गुल हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों पर भी मानो गहरी नींद में हैं।

विडंबना यह है कि बिजली से ज्यादा तेज़ी से बिजली बिल पहुंच जाता है। बिल की तारीख निकलते ही नोटिस, कनेक्शन काटने और कुर्की जैसी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो जाती है। लेकिन जब घंटों बिजली गायब रहती है, तब विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने रहते हैं। आखिर उपभोक्ता को उसकी दी गई राशि के बदले भरोसेमंद बिजली कब मिलेगी? लगातार हो रही कटौती से उमस भरी गर्मी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान हैं। शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है, किसान सिंचाई और छोटे व्यापारी अपना काम नहीं कर पा रहे हैं।

नहीं बताया जाता कटौती का कारण

कई गांवों में पेयजल व्यवस्था भी बिजली पर निर्भर होने के कारण प्रभावित हो रही है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर न तो कोई संतोषजनक जवाब मिलता है और न ही कटौती का कारण बताया जाता है। ऐसा लगता है कि बिजली आपूर्ति किसी तय व्यवस्था से नहीं, बल्कि मनमर्जी से संचालित की जा रही है। सवाल यह है कि जब उपभोक्ता अपनी जिम्मेदारी निभाने में एक दिन की भी देरी करे तो विभाग सख्त हो जाता है, लेकिन विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने में लगातार नाकाम रहे तो उसकी जवाबदेही कौन तय करेगा? सबसे बड़ा सवाल यही है इस खेल का असली जिम्मेदार कौन है? क्या उपभोक्ता केवल बिल भरने की मशीन बनकर रह गया है? यदि बिजली नहीं देना विभाग की मजबूरी है तो कम से कम जनता को इसकी पूर्व सूचना और स्पष्ट कारण तो बताया जाए।

ग्रामीणों ने दी प्रदर्शन कर घेराव की चेतावनी

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अघोषित बिजली कटौती पर शीघ्र रोक नहीं लगी और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जिला प्रशासन से मांग की गई है कि नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को अंधेरे और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

800 करोड़ का प्रस्ताव, 8 साल से अटका काम, घमापुर फ्लाईओवर जल्द बने

पुलिस अधीक्षक से चर्चा, पुलिस प्रशासन सरकार को भेजेगा पत्र

जबलपुर। घमापुर फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने पुलिस अधीक्षक संपत्त उपाध्याय से विस्तृत चर्चा की। लंबे समय से अटके इस प्रोजेक्ट को जल्द शुरू कराने की मांग की पुलिस अधीक्षक ने माना कि इस मार्ग पर यातायात को सुचारू करने के लिए पुलिस प्रशासन इस मामले की पूरी गंभीरता और जानकारी के साथ शासन को तत्काल पत्र भेजेगा।

मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे के अनुसार, तहसील चौक से रद्दी चौकी तक बनने वाला यह फ्लाईओवर पिछले 8 वर्षों से फाइलों में दबा हुआ है। शुरुआत में वर्ष 2019 में इसे 269 करोड़ की लागत से बनाने की मंजूरी मिली थी, लेकिन काम शून्य रहा। इसके बाद वर्ष 2024 में रेलवे पुल नंबर 2 से लेकर हमीद चौक (रद्दी चौकी) तक 6 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का नया प्रस्ताव बना। इस नए 6 किमी लंबे कॉरिडोर की अनुमानित लागत बढ़कर 800 करोड़ आंकी गई है, लेकिन धरातल पर अभी भी काम शुरू नहीं हो सका है। अधारताल से शहर की तरफ आने वाले नागरिकों के लिए घमापुर और गोहलपुर ही मुख्य मार्ग हैं। वर्तमान में गोहलपुर पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने का काम शुरू होने से वहां भी भयंकर जाम लगने लगा है, जिससे दोनों ही रास्ते पूरी तरह ब्लॉक नजर आ रहे हैं। इस चर्चा के दौरान रजत भार्गव, संतोष श्रीवास्तव, डी.के. सिंह, सुभाष चन्द्रा, एड. वेदप्रकाश अहिरवार, सुशील कनौजिया, मनीष शर्मा, गीता पाण्डे, पी.एस. राजपूत, यशवंत कोष्टा और एड. ब्रजेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों से बर्तन धुलवाने पर मानव अधिकार आयोग सख्त

नवभारत, जबलपुर। बहोरीपार शासकीय एकीकृत शाला में मध्यान्ह भोजन के बाद स्कूली बच्चों से बर्तन धुलवाने और उन्हें जर्जर भवन में खाना परोसने के गंभीर मामले को मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने जनहित में संज्ञान में लिया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने इसे प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के हनन का मामला मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन दो सप्ताह में तलब किया है।

दिव्य महापूजा का वर्णन शब्दों से परे : निर्दोष सागर

पनागर, नवभारत। पनागर के बड़े जैन मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में सिद्ध परमेष्ठी को 1024 अर्घ्य समर्पित किए गए। विधानाचार्य ब्रह्मचारी नरेश भैया गुरुकुल के निर्देशन में प्रातः काल 6.30 बजे से ही भगवान का अभिषेक शांतिधारा सम्पन्न हुई। आज मुनि संघ का पाद प्रक्षालन अनुष्ठान के ध्वजारोहणकर्ता प्रशांत निशा मोदी और महेंद्र इंद्र मुकेश आशा चौधरी परिवार ने किया।

इसके पश्चात मुनि निर्दोष सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते कहा कि आषाढ़,कार्तिक और फाल्गुन माह के अंतिम 8 दिनों में सभी स्वर्ग के देवता सौधर्म इंद्र के नेतृत्व में नंदीश्वर द्वीप स्थित अकृत्रिम बावन जिनालयों में भगवान का अभिषेक और दिव्य महापूजा करके इतना आनंद का अनुभव करते हैं जिसका वर्णन शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। इस दिव्य महापूजा का वर्णन शब्दों से परे है। वहीं आगे कहा जन्म से मरण तक सांसारिक कामनाओं में व्यक्ति दौड़ता रहता है उसके बाद भी कभी कामनाएं कम नहीं होती हैं। भौतिकता की चकाचौंध में पूरी दुनिया डूबी है इसलिए साधुओं से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। आज आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी को मुनि संघ ने चातुर्मासिक बड़ा प्रतिक्रमण करते हुए दीपावली तक पनागर नगर में रहने का संकल्प लिया और पूरे पंच ऋषिराजों ने उपवास किया। कल प्रातः विधान की पूर्णाहुति दी जावेंगी इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन प्रबंधकारिणी सभा पनागर ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में हवन में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

अशोक हत्याकांड : कातिल भाईयों को पुलिस ने दबोचा

नवभारत, जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत ग्राम मनखेड़ी में डंडों से पीट-पीटकर अशोक उईके की हत्या करने वाले दो भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । दोनों आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि हेमा बाई उईके 55 वर्ष निवासी रेता मोहल्ला ग्राम मनकेडी का बेटा अशोक उईके 27 वर्ष ने लगभग 4 माह पूर्व गॉव के विमल उर्फ पंडा नेताम से एक मोटर सायकिल 9500 रूपये में गिरवी रखी थी, गाडी रखने विमल उर्फ पंण्डा नेताम के लडके दिनेश व लाल नेताम आये थे। रूपये चुकाने के बाद गाडी ले जाने की बात हुई थी। लगभग 7 दिन पहले अशोक को दिनेश व लालू ने 10 हजार रूपये देकर मोटर सायकिल लेकर चले गये थे ब्याज नहीं दिये थे। शनिवार रात 10 बजे अशोक उईके ब्याज का पैसा लेने दिनेश व लालू नेताम के घर गया था। दिनेश व लालू ने जान से मारने की नीयत से डण्डे से ताड़तोड़ हमला कर अशोक की हत्या कर दी थी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी लालू नेताम , दिनेश नेताम दोनों सहजपुरी की ओर आने वाली रोड पर मनकेडी तरफ से आ रहे है सूचना पर घेराबंदी कर दोनों को दबोचा गया। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

आयोजन | गुरु पूर्णिमा पर आज होंगे सभी आश्रमों में विविध आयोजन

गुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागूं पायें . . .

सिहोरा, नवभारत। चारों वेदों के रचियता और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले वेद व्यास की जयंती के रूप में मनाया जाने वाला गुरु पूर्णिमा महापर्व के पावन अवसर पर आज बुधवार को जगह जगह अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बताया जाता है कि आज पूरे उत्साह के साथ भक्त गण अपने अपने गुरु की चरण रज पाने परिवार के साथ उनके आश्रम पर पहुचेंगे और गुरु का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

भरभरा आश्रम-भरभरा आश्रम एवं भटिया में समस्त भक्तगण अपने गुरु परम पूज्य संत 1008 बनवारी दास जी महाराज का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे

कटाव धाम में तैयारियां पूरी-कटाव धाम में सुबह 9 बजे गुरु दीक्षा कार्यक्रम तथा 10 बजे से शिष्य संत श्री सियाबल्लभ दास वेदांती जी महाराज का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे। हरिनाम सेवा संघ एंव हनुमत सेवा संस्थान परिवार ने सभी से पहुंचने की अपील की है।

शैलेश्वर धाम सैलवारा-शैलेश्वर धाम सैलवारा के संत आकाशवन कैलाशानंद जी महाराज ने बताया की सभी शिष्य अपने गुरू ब्रम्हलीन संत प्रकाशवन अवधूत जी महाराज का आश्रम आकर पादुका का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेगे

गुरु दरबार में नतमस्तक होंगे शिष्य-जय मातेश्वरि भक्त परिवार समिति के द्वारा गुरु पूजन का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से 2 बजे तक ग्रहस्थ संत पंडित तरुण चौबे जी महाराज का अग्रसेन कल्याण मंडपम विजय नगर में सभी गुरु भाई गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

नृसिंह मंदिर खितौला-नृसिंह टेकरी खितौला में प्रातः काल से ही भगवान श्री नृसिंह जी का अभिषेक, श्रृंगार आरती दर्शन तत् पश्चात पूज्य गुरुदेव श्री द्वारिका दास जी महाराज की मूर्ति का अभिषेक पूजन पूज्य स्वामी गोविंद दास जी महाराज द्वारा किया जायेगा। गुरु पूजन, विशाल भंडारा में समस्त गुरु भक्तो से पहुंचने की अपील की गई है।

लोढा सिद्धन धाम कुर्रे-कुर्रो पिपरिया के पास स्थित लोढा सिद्धन धाम में आज गुरु पूर्णिमा पर शिष्य गण 1008 बालसंत श्री सीताशरण जू महाराज एंव महंत श्री सीताराम शरण जू महाराज का गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे उसके बाद कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन एंव विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसी तरह कृष्ण कृपा धाम भेड़ा कालोनी स्लीमनाबाद में परम पूज्य संत ब्रम्हानंद दास,गोसलपुर धाम में ब्रम्हलीन संत शिवदत्त जी महाराज एंव पचपेड़ी पोंडा में ब्रम्हलीन संत सखी बाबा महाराज तथा बजरंगबाड़ा बरगी में ब्रम्हलीन संत जलीबाबा महाराज का भी शिष्य गण पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण करेंगे।